बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

आदेश

पटना, दिनांक ....

संख्या–08/मु०–04–07/2026....................../ CWJC No- 2735/2026 शाह शोभा कुमारी बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में दिनांक 18.02.2026 को पारित माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेश के आलोक में श्रीमती शाह शोभा कुमारी से प्राप्त अभ्यावेदन पर निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग के कार्यालय कक्ष में दिनांक 08.04.2026 को अपराह्न 04:30 बजे सुनवाई किया गया। उक्त सुनवाई में वादी एवं क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, सारण प्रमण्डल, छपरा उपस्थित हुए। सुनवाई के क्रम में दोनों पक्षों द्वारा उक्त मामलें से संबंधित अन्य अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त समय की माँग की गयी।

तदालोक में विचार करते हुए उक्त मामले की अगली सुनवाई दिनांक 15.04.2026 को अपराहन 04:50 बजे निदेशक, प्राथमिक शिक्षा के कार्यालय कक्ष में निर्धारित की जाती है।

ह०/–
(उर्मिला कुमारी)
उप निदेशक, प्राथमिक शिक्षा

ज्ञापांक: 08/मु०–04–07/2026 – 781/ पटना, दिनांक 09.04.2026

प्रतिलिपि:– निदेशक, प्राथमिक शिक्षा के प्रधान आप्त सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, सारण प्रमण्डल, छपरा को अनुरोध है कि संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेख के साथ उक्त निर्धारित तिथि/समय को VC के माध्यम से सुनवाई में उपस्थित होने की कृपा करेंगे, VC का लिंक उन्हें सुनवाई से पूर्व उपलब्ध कराया जायेगा।

2. श्रीमती शाह शोभा कुमारी, सहायक शिक्षिका, राजकीय बुनियादी विद्यालय, हरणबाधा, सारण को निदेश है कि वे उक्त निर्धारित तिथि/समय को क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, सारण प्रमण्डल, छपरा के कार्यालय कक्ष में VC के माध्यम से सुनवाई में संबंधित अभिलेख के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगी।

3. आई० टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को निदेश दिया जाता है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करे।

09/04/26

उप निदेशक, प्राथमिक शिक्षा